**अवितरित डाक**

1594. **श्रीमती कमला सिन्हा :**
**प्रो. सौरीन भट्टाचार्य :**

क्या संचार मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि सैकड़ों पत्र, डिमान्ड ड्राफ्ट, हजारों रुपयों के शेयर प्रमाण पत्र, एक पेंशन चेक और दिल्ली विश्वविद्यालय के विद्यार्थी का प्रवेश पत्र शाहदरा के एक नाले में तैरते हुए पाये गये ;

(ख) यदि हां, तो संबंधित प्राधिकारियों के विरुद्ध क्या कार्यवाही की गयी है ;

(ग) क्या गुम हुई डाक के रहस्य का पता लगाने के लिए कोई जांच शुरू की गई है ;

(घ) यदि हां, तो उसका ब्यौरा क्या है ;

(ङ) क्या इस प्रकार की घटनायें किसी उचित जांच के बिना काफी लम्बे समय से होती आ रही हैं और इनमें विभाग द्वारा कोई दण्डात्मक कार्यवाही नहीं की गई है ; और

(च) यदि हां, तो उसके क्या कारण हैं ?

**विद्युत मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री पी० वी० रंगया नायडू)** : (क) 256 साधारण पत्र तथा 8 रजिस्टर्ड पत्र 21-4-93 को शाहदरा में एक नाले के पास पड़े पाए गए। बाद में 29-4-93 को 329 साधारण पत्र, 9 रजिस्टर्ड पत्र, तीन रजिस्टर्ड पत्र के खाली रैपर्स तथा बिना रैपर्स के 9 साधारण पत्र पायनियर प्रेस से इकट्ठे किए गए ।

(ख) से (घ) मामले की जांच-पड़ताल चल रही है ।

(ङ) इससे पहले दिल्ली में ऐसी किसी घटना की रिपोर्ट नहीं मिली है ।

(च) प्रश्न नहीं उठता ।

**पौड़ी-गढ़वाल क्षेत्र की ग्राम पंचायतों में टेलीफोन सुविधा**

1595. **श्री सुन्दर सिंह भंडारी** : क्या संचार मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि सरकार द्वारा देश की सभी ग्राम-पंचायतों में टेलीफोन सुविधा उपलब्ध करा दी गई है ;

(ख) यदि हां, तो पौड़ी-गढ़वाल में अब तक जिन ग्राम पंचायतों में यह सुविधा उपलब्ध करा दी गयी है उनकी संख्या क्या है ;

(ग) क्या सरकार वर्ष 1993-94 के दौरान पौड़ी-गढ़वाल (उ०प्र०) की सभी ग्राम पंचायतों में टेलीफोन सुविधा प्रदान करने का विचार रखती है, यदि हां, तो कब तक ; और

(घ) यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं ?

**विद्युत मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री पी. वी. रंगैया नायडू )** : (क) जी नहीं । 31 मार्च, 1995 तक यह सुविधा सभी ग्राम पंचायतों में उत्तरोत्तर रूप से प्रदान किए जाने की योजना है बशर्ते कि संसाधन उपलब्ध हों ।

(ख) 31-3-1993 की स्थिति के अनुसार 1214 पंचायत ग्रामों में से 89 पंचायत ग्रामों में टेलीफोन सुविधा प्रदान कर दी गई है ।

(ग) जी नहीं । 31 मार्च, 1995 तक सभी पंचायत ग्रामों में टेलीफोन सुविधा प्रदान करने की योजना है, बशर्ते कि संसाधन उपलब्ध हों । 1993-94 में इसका प्रस्तावित लक्ष्य 50 है ?

(घ) उपर्युक्त (ग) को ध्यान में रखते हुए प्रश्न नहीं उठता ।